# परिणय गार्डन की जमीन पर बनेगा गीता भवन

## हाईवे पर गीता भवन के लिए जमीन का हुआ आवंटन, शहर के लिए विधायक ने दी एक और सौगात



**शाजापुर, 30 दिसंबर. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री की अतिमहत्वकांक्षी गीता भवन योजना को अब धरातल पर उतारने के लिए शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने शहरवासियों को गीता भवन की एक नई सौगात दी है. वाटर वर्क्स के आगे लीज की जमीन पर परिणय गार्डन हुआ करता था, जिसे सरकार ने मुक्त कराया था. यह जमीन लंबे समय से खाली पड़ी थी, जिसे शाजापुर कलेक्टर ने अपने प्रकरण क्रमांक 002/अ-20 (5) 2025-26 आदेश दिनांक 29 दिसंबर को उक्त भूमि नगर पालिका शाजापुर को गीता भवन के निर्माण हेतु आवंटित कर दी.**

गौरतलब है कि शाजापुर स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 375 रकबा 0.1880 हेक्टेयर, 377/8 मिन - 1 रकबा 0.1890 हेक्टेयर, 378/2 रकबा 0.1050 हेक्टेयर, 358/5 रकबा 0.0520 हेक्टेयर, 378/7 रकबा 0.990 हेक्टेयर एवं 378/11 रकबा 0.1150 हेक्टेयर भूमि गीता भवन निर्माण हेतु निकाय को भूमि स्वामी हक में आवंटन करने हेतु निर्धारित प्रारूप एक में आरसीएमएस पर आवेदन किया गया, जिसकी जांच नजूल अधिकारी शाजापुर द्वारा की गई. नजूल अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और उक्त भूमि नजूल भूमि वर्तमान में राजस्व अभिलेख में दर्ज है. जो संबंधित विभाग को अंतरित किया जाना उचित है. कलेक्टर ऋजु बाफना ने अपने आदेश में उक्त भूमि पर माननीय उच्च न्यायालय के खंडपीठ इंदौर में प्रकरण क्रमांक 2411/2020 वर्तमान में प्रचलित है, उक्त प्रकरण में कोई स्थगन आदेश नहीं है. महूपुरा तहसील शाजापुर स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 377/8 मिन 1 रकबा 0.1890 हेक्टेयर 378/2 0.1050 हेक्टेयर, 378/5 रकबा 0.0520 हेक्टेयर, 378/7 रकबा 0.1990 हेक्टेयर, 378/11 रकबा 0.1150 कुल 5 रकबा 0.660 हेक्टेयर भूमि गीता भवन निर्माण हेतु नगर पालिका शाजापुर को भू स्वामी हक में आवंटन करने हेतु हस्तांतरित करने की अनुशंसा की गई है.मप्र शासन के राजस्व विभाग द्वारा परिपत्र क्रमांक 6-75-2019 24 सितंबर 2020 में दिए गए प्रावधानों के तहत प्रकरण में निर्णय लिए जाने हेतु जिला नजूल निवर्तन समिति की बैठक 29.12.2025 को आयोजित की गई. समिति द्वारा प्रकरण का परीक्षण किया गया. और उक्त भूमि गीता भवन के निर्माण हेतु आवंटित की गई.

### जमीन का मामला न्यायालय में है, स्थगन नहीं

एबी रोड पर परिणय गार्डन संचालित होता था, उक्त जमीन नजूल की भूमि थी, जो लीज पर दी गई थी. लीज समाप्त होने के बाद उक्त जमीन प्रशासन ने खाली कराई थी. जब से ही जमीन खाली पड़ी है. इस मामले में परिणय गार्डन के संचालकगण इंदौर हाईकोर्ट गए, जहां ये मामला अभी प्रचलन में है. लेकिन इस जमीन पर न्यायालय द्वारा कोई स्थगन आदेश नहीं दिया गया. आखिरकार ये जमीन अब गीता भवन के लिए आवंटित की गई.





### भव्य गार्डन और 500 सीटर कॉन्फ्रेंस हॉल के अलावा अन्य सुविधाएं रहेंगी

गीता भवन की परिकल्पना में 500 सीटर कॉन्फ्रेंस हॉल, एक भव्य गार्डन के अलावा अन्य सुविधाएं भी इसमें शामिल हैं. वाचनालय की भी सुविधा रहेगी. धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन भी यहां हो सकेंगे. शाजापुर में संभवत: गीता भवन पहला ऐसा भवन होगा, जो मेट्रो शहर की तर्ज पर विकसित होगा. जिस प्रकार इंदौर-उज्जैन-भोपाल में जैसे शासकीय नाट्य गृह हैं, उसी प्रकार शाजापुर में गीता भवन तैयार होगा.

### शाजापुर को मिली गीता भवन की नई सौगात

शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने शाजापुर शहर को पुराने हाईवे पर स्थित लीज पर संचालित परिणय गार्डन की जमीन को गीता भवन की सौगात शहरवासियों को दी गई. जिसमें गीता भवन बनकर तैयार होगा और शहरवासियों को एक नई सौगात गीता भवन के रूप में मिलेगी. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घोषणा की थी कि हर जिले में गीता भवन बनाया जाएगा. इसी को देखते हुए उक्त जमीन को कलेक्टर ऋजु बाफना ने नगर पालिका को आवंटित करते हुए विधायक अरुण भीमावद की पहल पर उक्त जमीन आवंटित की गई.

**इनका कहना है**

*मुख्यमंत्री मोहन यादव की परिकल्पना को साकार करने के लिए शाजापुर में गीता भवन के लिए प्रशासन द्वारा जमीन आवंटित की गई है. यह सौगात शहरवासियों के लिए रहेगी. निश्चित तौर पर गीता भवन शाजापुर में जल्द ही आमजनों के लिए बनकर तैयार होगा.*

***- अरुण भीमावद, विधायक-शाजापुर***

# मारपीट के विरोध में विद्युतकर्मियों ने रैली निकाली, सौंपा ज्ञापन

## आरोपियों पर एफआईआर की मांग, पुलिस पर लगाया असहयोग का आरोप

**शुजालपुर, 30 दिसंबर. विद्युत वितरण कंपनी शुजालपुर क्षेत्र के सैकड़ों कर्मचारियों ने मंगलवार को कंपनी कार्यालय से सिटी स्थित एसडीएम कार्यालय तक पैदल रैली निकालकर ज्ञापन सौपा. कर्मचारियों द्वारा पिछले दिनों सिटी क्षेत्र में कंपनी के कर्मचारी के साथ बकाया वसूली के दौरान हुई मारपीट का विरोध किया जा रहा है और मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई.**



एसडीएम को ज्ञापन सौपते हुए विद्युतकर्मी

विद्युत वितरण कर्मचारियों द्वारा पुलिस पर सहयोग नहीं करने व एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप भी लगाया. ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौपा गया, जिसमें कहा कि 28 दिसम्बर को शुजालपुर नगर में बकाया राशि पर विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने के कारण कर्मचारी कैलाशचन्द्र रजक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी, उक्त घटना की सूचना सिटी थाने पर देते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने इस संबंध में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की और आवेदन लेकर औपचारिकता निभाई. पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे है. ज्ञापन में कर्मचारियों ने क्षेत्र में हुई अन्य घटनाओं का भी उल्लेख किया और कार्यवाही नहीं होने पर धरना आंदोलन की चेतावनी दी. बता दे सिटी क्षेत्र में हुई कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना को लेकर एक दिवस पूर्व काम बंद हड़ताल शुरू की गई थी.

## 1 जनवरी तक नहीं होगी भावांतर तहत नीलामी

**शुजालपुर, 30 दिसंबर.** भावांतर भुगतान योजना पोर्टल का मेंटेनेंस कार्य होने के चलते कृषि उपज मंडी में दो दिनों तक भावांतर योजना तहत निलामी का कार्य नहीं होगा. कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर से मिली जानकारी अनुसार 30 दिसम्बर मंगलवार से 1 जनवरी गुरूवार तक भावांतर भुगतान योजना पोर्टल का मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है. इस कारण से 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक मंडी मे भावांतर योजना अन्तर्गत सोयाबीन का नीलामी कार्य बंद रहेगा. मंडी समिति ने कृषकों से उक्त दिनांक को अपनी कृषि उपज सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत विक्रय के लिए नहीं लाने की.

# ए ग्रेड का लक्ष्य 70 प्रतिशत बच्चे प्राप्त करें

## वार्षिक परीक्षा परिणाम को लेकर बैठक हुई

**शुजालपुर, 30 दिसंबर. शासकीय माध्यमिक विद्यालय पोलायकला में कलेक्टर की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में सत्र 2025-26 कक्षा पांचवी और आठवीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम की तैयारी के संबंध में जनशिक्षा केंद्र पोलाय कला एवं अवंतिपुर बड़ोदिया के प्रभारियों की बैठक विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र कुमार गोखले के निर्देशन में रखी गई.**

मीटिंग में छहमाही परीक्षा के परिणामो और वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणामों को प्राप्त करने की कार्ययोजना सुरेंद्र कुमार गोखले द्वारा विस्तार से समझाई गई, जिसमें जनपद स्तरीय विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रश्न पत्र तैयार कर विद्यालयों में 03 भागों में वार्षिक परीक्षा अनुसार टेस्ट आयोजित किए जाएंगे तथा परिणाम के आधार पर बच्चो के कठिन सीखने के प्रतिफल चिन्हांकन किए जाकर विद्यालय को विषय वार विषय विशेषज्ञ द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा 05 वीं के लिए ए प्लस का लक्ष्य 60 प्रतिशत बच्चे प्राप्त करे एवं कक्षा 08 वी के लिए ए प्लस में 70 प्रतिशत बच्चे प्राप्त करे. कार्यक्रम का संचालन संजय देशमुख ने किया. इस अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र के बी ए सी रोशन सिंह परमार, जन शिक्षा केंद्र अवंतीपुर बडोदिया एवं पोलाय के जनशिक्षक इकलेश चंद्रवंशी, विष्णु राय उपस्थित रहे.

# अब चितोड़ा के समीप दिखा तेंदुए का मूवमेंट, खेत में मिले पग मार्क

## संसाधन व रेस्क्यू टीम वरिष्ठ कार्यालय से मांगी



वन विभाग अमले को अपनी समस्या बताते किसान

**शुजालपुर, 30 दिसंबर. दो दिवस पूर्व बामनघाट के समीप रिछोदा के जंगल में दिखाई दिया तेंदुआ, मंगलवार को चितोडा व शुजालपुर सिटी के मध्य खेत में काम कर रहे ग्रामीणों को नजर आया, जिसकी सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां पर लहसुन के गीले खेत में तेंदुए के पेरों के निशान दिखाई दिए. यह तेंदुआ तीन चार दिनों से शुजालपुर के आसपास दिखाई दे रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत है, इस तेंदुए ने वन्य जीव का शिकार भी किया.**

वन अमले से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार की सुबह बामनघाट बांध के समीप तेंदुए के पैरों के निशान खेत में होने की जानकारी मिली, जिसके बाद वन विभाग शुजालपुर रेंजर रतनसिंह सिंगोड, राजेश कुमार जावरिया, देवेन्द्र मगोरिया, हरिशचन्द्र सक्सेना, अजय देशमुख, अशोक देवडा ने तेंदुए के विचरण क्षेत्रों में सघन खोज की, जहां दोपहर तक सर्चिंग की गई. उधर दोपहर में इस टीम को जानकारी मिली कि तेंदुआ चितोडा व शुजालपुर के बीच दुध शीत केन्द्र के समीप नजर आया है, जहां टीम पहुंची तो खेत में काम कर रहे एक ग्रामीण ने तेंदुआ दिखाई देने की बात कही. यह तेंदुआ लहसुन के खेत से होते हुए रायडे के खेत में घुसता हुआ ग्रामीण को नजर आया था. वन विस्तार अधिकारी शुजालपुर रतनसिंह सिंगोड ने बताया कि लहसुन का खेत गीला था जहां पर तेंदुए के पैरों के निशान दिखाई दिए. साथ ही हिरणों के भी पग मार्क मिले है, इस स्थल पर शाम तक सर्चिंग की गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली. क्षेत्र के ग्रामीणों से सर्तक रहने की अपील की गई है, साथ ही वरिष्ठ कार्यालय को सूचना देते हुए रेस्क्यू टीम के साथ संसाधन उपलब्ध कराने की भी मांग की गई.

### सोशल मीडिया पर चलती रही अफवाह...

पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में तेंदुए की मूवमेंट होने की जानकारी के बाद अफवाह का भी दौर जारी है. मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक फोटों वायरल होता रहा, जिसमें सिटी के आबादी क्षेत्र में पचोर मार्ग पर तेंदुआ जाता हुआ दिखाई देने का शीर्षक लिखा हुआ था, हालांकि यह फोटों पड़ताल में फेक निकला. इस फोटों में दिखाए गए स्थान पर लगे कैमरों को तलाशा तो ऐसा कोई दृश्य कैमरों में कैद नहीं हुआ. साथ ही फोटों पर लिखी गई तारीख व समय भी एआई के माध्यम से बनाई गई प्रतित हुई.

# बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई रचनात्मकता

## जन शिक्षा केन्द्र में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**शुजालपुर, 30 दिसंबर. राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जन शिक्षा केंद्र बालक नगर शुजालपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य ताप्ति पाठक ने की.**



प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विषयों पर आधारित नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए. विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने-अपने मॉडलों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण कर वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता एवं तार्किक क्षमता का परिचय दिया. कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग देते हुए बालिकाओं द्वारा पर्यावरण आधारित सोलो गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा. विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर प्रोजेक्ट निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया. प्रदर्शनी का मूल्यांकन गायत्री महाडिक, अर्चना दवे, विक्रम सिंह परमार एवं सुषमा जैन की निर्णायक समिति द्वारा किया गया. विषयानुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया. विज्ञान प्रदर्शनी के सफल आयोजन में नोडल अधिकारी सुनील कुमार सोनी, अलका यादव, जन शिक्षक गिरीश नाथ एवं धर्मेंद्र यादव का विशेष योगदान रहा. कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्वल्पाहार प्रदान किया गया. आरएसके पोर्टल पर प्रविष्टि के पश्चात चयनित विद्यार्थी अब विकासखंड स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. आभार जन शिक्षक गिरीश नाथ ने माना.

## शुजालपुर में जीता मैत्री मैच

**शुजालपुर, 30 दिसंबर.** डॉ. शैल कुमार शर्मा स्टेडियम शुजालपुर पर ड्रीम स्पोर्ट्स अकादमी ने मैत्री मैच का आयोजन का किया गया. जिसके अंतर्गत पहले जूनियर अंडर 13 बच्चों का मैच मक्सी की टीम से हुआ, जिसमें शुजालपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रनों का टारगेट दिया, जिसके अंतर्गत दिव्यांश ने 40 रनों का सर्वाधिक स्कोर किया, मक्सी की टीम 42 रन पर ऑल आउट हो गई, इसलिए जूनियर टीम ने अपना पहला मैच जीता, बाद मे सीनियर खिलाड़ियों का मैच हुआ, मक्सी ने पहले बैटिंग करते हुए 180 रन का टारगेट दिया, शुजालपुर की ओर से युग बैरागी चार विकेट, सार्थक बारकिया 3 विकेट लिए, शुजालपुर ने स्कोर का पीछा करते हुए युग बैरागी ने 53 रनों का योगदान दिया, लक्ष्य अग्रवाल ने 48 रन कर योगदान देकर मैच जिताया. इस तरह ड्रीम स्पोर्ट्स अकेडमी शुजालपुर ने दोनों वर्ग के मैच जीत दर्ज की, मक्सी टीम के कोच राजू राव ने ड्रीम स्पोर्ट्स टीम के कोच वैभव परमार, गजेंद्र पाटीदार को बधाई दी.

# नववर्ष को लेकर पुलिस अलर्ट, मक्सी में निकाला फ्लैग मार्च



**मक्सी, 30 दिसंबर. नववर्ष के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मक्सी थाना प्रभारी संजय कुमार वर्मा द्वारा मंगलवार को मय पुलिस बल के कस्बा मक्सी में फ्लैग मार्च निकाला. फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया गया.**

नववर्ष के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है. नगर के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है. थाना प्रभारी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि नववर्ष के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों, हुड़दंग मचाने वालों एवं शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि नववर्ष का स्वागत नगर में शांति, सौहार्द एवं सुरक्षित माहौल में हो. फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए नियमों का पालन करने की सलाह दी.

**एक नजर में** | एक माह तक बीकेएसएन महाविद्यालय में होगा प्रशिक्षण, प्रशिक्षार्थियों को नि:शुल्क मिलेगी स्टेशनरी

# महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ ब्यूटीशियन अल्पकालीन प्रशिक्षण

**शाजापुर, 30 दिसंबर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में 29 जनवरी तक चलने वाले अल्पकालीन ब्यूटिशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा ने की.**





सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण किया गया. समन्वयक डॉ. आरसी चौहान ने अल्पकालीन प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की. कार्यक्रम के प्रशिक्षक श्रीमती बबीता बोस ने कहा कि इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को ब्यूटीपार्लर के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जाएगा. इसके अंतर्गत नई माता बहनों को श्रृंगार करने की विभिन्न तकनीकि दुल्हन श्रृंगार आदि जानकारी प्रदान की जाएगी. इस अवसर पर विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्टेशनरी प्रदान की गई. इस अवसर पर उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के संयोजक डॉ.पंकज पाटीदार, डॉ.दिपेश गुप्ता, रितु मेवाड़ा ने छात्राओं को स्वास्थ्य से सुदंरता के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि हम अपने खून में हिमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ाकर अपने शरीर को स्वस्थ्य एवं सुंदर रख सकते हैं. प्राचार्य डॉ. मीणा ने कहा कि छात्राओं के लिए यह कोर्स अत्यंत लाभकारी है. उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे नियमित रूप से प्रशिक्षण में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में डॉ. अनिता यादव, डॉ. सुनील आडवानी, डॉ. दौलतराम राठौर, डॉ.निलेश महाजन, डॉ. श्वेता चौहान, श्रीमती पूजा राठौर उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ.आरसी चौहान ने किया एवं आभार डॉ. डीआर राठौर ने माना.

## दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने सहित अन्य समस्याओं के आए आवेदन

**सोयतकलां. 30 दिसंबर.** कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई करते हुए नागरिकों की समस्या सुनी गई. इस अवसर पर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम मिलिन्द ढ़ोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेम नारायण परमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. आवेदक बालचन्द्र निवासी लोहारिया ने क्रय भूमि पत्र में नाम संशोधन करवाने, असगर अली सहायक ग्रेड 03 ने जीपीएफ ग्रेच्युटी, समर्पित अवकाश, बीमा राशि का भुगतान करवाने सहित अन्य रास्ता विवाद, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने आदि समस्याओं का लेकर आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए. कलेक्टर ने मौके पर निराकरण योग्य आवेदनों का अधिकारियों से निराकरण करवाया और निराकरण से शेष आवेदन संबंधित विभाग को समय सीमा में निराकरण हेतु निर्देशित किया.